


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 359 | ग्वालियर गुरुवार 11 फरवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




### पीएम मोदी लोकसभा में बोले-

## किसान आंदोलन पवित्र, आंदोलनजीवियों ने इसे किया अपवित्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बुधवार 10 फरवरी को एक बार फिर किसान आंदोलन को लेकर विपक्ष पर निशान साधा. उन्होंने लोकसभा में कहा कि किसान आंदोलन को पवित्र मानता हूं, आंदोलनजीवियों ने इसे अपवित्र किया है. उन्होंने कहा, आंदोलन का नया तरीका है. आंदोलनकारी ऐसे तरीके नहीं अपनाते हैं, आंदोलनजीवी ही ऐसे तरीके अपनाते हैं. उनका कहना होता है कि ऐसा होगा तो ऐसा हो जाएगा. जो हुआ नहीं उसका डर फैलाया जा रहा है. यह चिंता का विषय है. यह देश के लिए चिंता का विषय है. पीएम ने कहा, जब तथ्यों के आधार पर बात नहीं टिकती है तो ऐसा हो जाता है



जो अभी हुआ है. आशंकओं को हवा दी जाती है. माहौल आंदोलनजीवी पैदा करते हैं. किसान आंदोलन को पवित्र मानता हूं. भारत के लोकतंत्र में आंदोलन का महत्व है. यह जरूरी है. जब आंदोलनजीवी पवित्र आंदोलन को अपने लाभ के लिए बर्बाद करने के लिए निकलते हैं तो क्या होता है? उन्होंने कहा, कोई मुझे बताए तीन नए कृषि कानूनों की बात हो और जेल में बंद संप्रदायवादी, आंतकवादी और नक्सली जो जेल में हैं, उनकी फोटो लेकर मांग करना, ये किसान आंदोलन को अपवित्र करने की मांग है या नहीं? प्रधानमंत्री ने कहा कि इस देश में टोल प्लाजा को सभी सरकार ने स्वीकार किया. इसे तोड़ दिया गया. ये तरीके आंदोलन को अपवित्र करने का प्रयास है कि नहीं? टेलीकॉम के टावर तोड़ दिए गए, ये किसान आंदोलनकारियों की मांग है क्या? ये काम आंदोलनकारियों ने नहीं आंदोलनजीवियों ने किया है. देश को आंदोलनजीवियों से बचाना होगा. देश को गुमराह करने वालों को पहचानना होगा. पीएम मोदी ने पीएम मोदी ने तीन नए कृषि कानूनों को लेकर कहा कि ये नया कानून किसी के लिए बंधन नहीं है. इसमें ऑप्शन है. कोई कहीं भी सामान बेच सकता है. चाहे तो वह इस कानून को अमल में नहीं लाए. बता दें कि करीब 80 दिनों से दिल्ली की सीमाओं पर संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में किसानों का आंदोलन चल रहा है. किसान संगठन तीन नए कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग कर रहे हैं. विपक्षी दलों का भी आंदोलनकारी किसानों का साथ मिला है.

## बीजेपी ने देश को श्मशान बना दिया बंगाल में ऐसा नहीं होने दूंगी: ममता बनर्जी

**कोलकाता।** आगामी विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल में सभी दलों के नेताओं का एक-दूजे पर वार-पलटवार जारी है। अब राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जनता से अपील की है कि वे भारतीय जनता पार्टी को बाहर का दरवाजा दिखाएं। ममता ने यह भी कहा कि बीजेपी ने इस देश को श्मशान बना दिया है लेकिन उनकी पार्टी टीएमसी बंगाल में ऐसा नहीं होने देगी। बर्दवान में एक रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस चीफ ने पार्टी के उन पूर्व सदस्यों पर भी निशाना साधा जिन्होंने अब बीजेपी की सदस्यता ले ली है। ममता ने इन बागियों के लिए कहा कि बुरे लोगों ने पार्टी छोड़ दी है। ममता ने कहा, %कुछ कुख्यात गाय, अपने गलत कामों को छिपाने की कोशिश कर रही हैं। अच्छा है कि वे चले गए बुरे लोगों ने पार्टी छोड़ दी। मुझे लगता है पार्टी छोड़ने वाले लोगों ने पार्टी में रहकर भी टीएमसी का भला नहीं सोचा, इसलिए उनका पार्टी में रहना जरूरी नहीं।% ममता यहीं नहीं रुकीं। उन्होंने बीजेपी में



शामिल होने वाले टीएमसी सदस्यों की तुलना उन बुरे बच्चों से की जो अपनी बीमार मां को जरूरत के समय छोड़ देते हैं। ममता ने कहा, %एक मां अपने बच्चे को खिलाती है, पालती है और जब मां बीमार पड़ती है या फिर उसे कोई और जरूरत होती है, तब ये बच्चे उसे धोखा देते हैं और भाग जाते हैं। ये बच्चे बुरे बच्चे होते हैं, ये अच्छे बच्चे नहीं हो सकते।% ममता ने बंगाल की जनता से बीजेपी को दरवाजा दिखाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने इस देश को श्मशान में बदल दिया है।

## चक्का जाम के बाद देशभर में 18 फरवरी को रेल रोकेंगे किसान

**नई दिल्ली।** केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों को लेकर गतिरोध अब भी बरकरार है। कानूनों को रद्द कराने पर अड़े किसान इस मुद्दे पर सरकार के साथ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर चुके हैं। इसके लिए दिल्ली की सीमाओं पर किसानों का आंदोलन आज 77वें दिन भी जारी है। नए कृषि कानूनों के खिलाफ अपने आंदोलन को तेज करते हुए प्रदर्शनकारी किसान यूनियनों ने 18 फरवरी को चार



घंटे के राष्ट्रव्यापी %रेल रोको% अभियान की घोषणा की है संयुक्त किसान मोर्चा के नेता डॉ. दर्शन पाल ने बुधवार शाम को किसान आंदोलन से जुड़े आगे के नए कार्यक्रमों का ऐलान कर दिया है। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा 12 फरवरी से राजस्थान के सभी रोड के टोल प्लाजा को टोल फ्री कर दिया जाएगा। 14 फरवरी को देशभर में कैंडल मार्च, %माशाल जुलूस% और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें पुलवामा हमले में शहीद सैनिकों के बलिदान को याद किया जाएगा। वहीं, 16 फरवरी को किसान सर छोटूराम की जयंती पर देश भर में एकजुटता दिखाएंगे। देशभर में 18 फरवरी को दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक रेल रोको कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इससे पहले पहले किसानों ने गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में ट्रैक्टर परेड और 6 फरवरी को देशव्यापी चक्का जाम किया था। इस दौरान दिल्ली, यूपी और उत्तराखंड को चक्का जाम से अलग रखा गया था।

### पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दो टूक कहा

## पेट्रोल-डीजल कीमत पर सरकार का नियंत्रण नहीं

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दो टूक कहा कि केंद्र सरकार कुछ नहीं कर सकती क्योंकि कीमतें पेट्रोलियम कंपनियां तय कर कर रही हैं और यह क्रूड की अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर निर्भर करती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र के अलावा राज्य सरकारें भी अपनी विकास की जरूरत के मुताबिक टैक्सेज बढ़ाती रही हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने का मसला बुधवार को संसद में गूंजा। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान कई दलों के सांसदों ने यह मसला उठाया। लेकिन पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दो टूक कहा कि केंद्र सरकार कुछ नहीं कर सकती क्योंकि कीमतें पेट्रोलियम कंपनियां तय कर कर रही हैं और यह क्रूड की अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर निर्भर करती हैं। गौरतलब है कि पिछले दो महीनों में लगातार कुछ-कुछ अंतराल में ईधन तेलों के दामों में लगातार वृद्धि हुई है। पिछले एक साल में पेट्रोल की कीमत करीब 18 रुपए लीटर बढ़ गई है। बुधवार को दिल्ली में बुधवार को दिल्ली में पेट्रोल का दाम रिकॉर्ड 87.60 रुपए लीटर हो गया। टैक्सेज में कटौती क्यों नहीं टीएमसी सांसद शांतनु सेन ने कहा कि सरकार को टैक्सेज में कटौती करनी चाहिए।



पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि तेल की कीमतें सिर्फ केंद्र सरकार के टैक्सेज पर नहीं बल्कि राज्य सरकारों के टैक्स और अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर निर्भर करती है। इसकी कीमतें बाजार के आधार पर तय होती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के अलावा राज्य सरकारें भी अपनी विकास की जरूरत के मुताबिक टैक्सेज बढ़ाती रही हैं। जनकल्याण की योजना के लिए लगता है टैक्स धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, पेट्रोलियम पदार्थों पर हर सरकार टैक्स लगाती रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब कच्चे तेल के दाम बढ़ते घटते हैं उस आधार पर यहां पेट्रोल-डीजल के दामों में उतार चढ़ाव होती है।

## सीमा पर चीन की बजाय किसानों पर ऐक्शन ले रही केंद्र सरकार : ओवैसी

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को लोकसभा में केंद्र सरकार पर चीन के खिलाफ कोई सख्त ऐक्शन न लेने के लिए निशाना साधा। ओवैसी ने कहा कि सरकार वास्तविक सीमा रेखा (एलएसी) पर चीन के खिलाफ कदम उठाने की बजाय सिंघु और टिकरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों को रोकने के लिए ऐक्शन ले रही है। ओवैसी ने लोकसभा में कहा, %एलएसी पर चीन लगातार अपने सैनिकों की तैनाती बढ़ा रहा है और बुनियादी ढांचे में भी विस्तार कर रहा है। मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि जब बर्फ पिघलनी शुरू होगी और ची फिर से हमारे सैनिकों पर हमला करेगा, ऐसे समय के लिए उन्होंने क्या तैयारी की है। एआईएमआईएम सांसद ने कहा, %चीन ने हमारे 20 जवानों को मारा। केंद्र सरकार इन जवानों की शहादत को ऐसे ही जाने



दे रही है। भारत अभी भी पीपी4-पीपी8 पर गश्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, %चीन ने एलएसी के पास अरुणाचल प्रदेश में गांव बना लिया। केंद्र सरकार में इतनी भी ताकत नहीं कि वह चीन को यह कह सके कि उसने क्या किया।पीएम मोदी चीन से डरते हैं। किसानों के समर्थन में अपनी आवाज उठाते हुए ओवैसी ने यह भी कहा कि सरकार को कृषि कानून वापस लेने चाहिए। ओवैसी ने यह भी कहा कि वह यह मुद्दा इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि वह %आंदोलनजीवी% हैं। बता दें कि पीएम मोदी ने राज्यसभा में अपने भाषण के दौरान यह कहा था कि देश में आंदोलनजीवियों की नई जमात का पता लगा है, जिनसे दूर रहने की जरूरत है।

## सुप्रीम कोर्ट ने नौसेना से हटाए ऐतिहासिक युद्धपोत आईएनएस विराट को तोड़ने पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नौसेना की सेवा से हट चुके भारतीय विमानवाहक पोत आईएनएस विराट के तोड़ने या कबाड़ बनाने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में एक कंपनी ने×ठ्ठद्धह्यश्च;याचिका दायर की गई थी, जिसकी सुनवाई के बाद उच्चतम न्यायालय ने यह फैसला लिया। सुप्रीम कोर्ट ने भारत के विमान वाहक पोत %विराट% की यथास्थिति बनाए रखने का बुधवार को आदेश दिया। इस विमान वाहक पोत ने भारतीय नौसेना में करीब



तीन दशक तक सेवा दी है और इसे अब सेवा से बाहर कर दिया गया है। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने कंपनी की याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगा है। कंपनी इसे संग्रहालय बनाना चाहती है।सेंटूर वर्ग का विमान वाहक पोत आईएनएस विराट 29 साल तक भारतीय नौसेना में रहा और मार्च 2017 में इसे सेवा से हटा दिया। केंद्र ने जुलाई 2019 को संसद को सूचित किया था कि भारतीय नौसेना के साथ सलाह मशविरा के बाद %विराट% को कबाड़ में देने का फैसला किया गया। एनविटेक मरीन कंसल्टेंट्स लिमिटेड नाम की कंपनी की ओर से याचिका दायर की गई और इसमें कहा गया कि इस जहाज को एक समुद्री संग्रहालय और बहुआयामी साहसिक केंद्र में बदला जा सकता है। कंपनी ने 100 करोड़ रुपये खर्च कर बतौर संग्रहालय बनाने की मांग की है।×ठ्ठद्धह्यश्च;जहाज को भावनगर के श्रीराम ग्रुप ने खरीदा है। उसे बतौर कबाड़ तोड़ा जा रहा है।

### गुना सीएसपी नेहा पचीसिया ने हटाने के बाद सोशल मीडिया पर लिखा...

## टीआई ने चैलेंज दिया था 3 माह में हटवा दूंगा'

**भोपाल।** कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के बाद हटाए गए कलेक्टर और एसपी को लेकर विवाद की स्थिति बनती जा रही है। एक ओर जहां मुख्य सचिव के बेटे आईएएस अमनबीर सिंह को कलेक्टर बनाए जाने पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं अब गुना से हटाई गई सीएसपी नेहा पचीसिया की विवादित पोस्ट सामने आई है। आईजी अविनाश शर्मा को लेकर लिखी फेसबुक पोस्ट को उन्होंने बाद में डिलीट कर दिया। कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर हटाई गई गुना सीएसपी नेहा पचीसिया ने फेसबुक पर बुधवार को एक स्टेट्स पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि आईजी अविनाश शर्मा इज अवर कल्प्रिट। हालांकि कुछ मिनट के बाद ही उन्होंने इसे यहां से हटा दिया।

नेहा ने टीआई पर भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि टीआई ने मुझे चैलेंज दिया था कि मैं आपको तीन महीने में हटवा दूंगा। घटनाक्रम पर नेहा ने कहा कि मेरे अच्छे कामों के कारण मुझे बार-बार एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेज दिया जाता है। मैं गुना में भी अच्छा काम कर रही थी जो लोगों की नजर में खटक रहा था। मुझे तबादले पर आपत्ति नहीं है ये तो एक शासकीय प्रक्रिया है लेकिन मुझे इस बात का दुख है कि गलत लोगों के फीडबैक पर ये एक्शन



लिया। मुझे लगता है कि फीडबैक जनता से लिया जाना चाहिए था, जो मेरे काम को जानती है। नेहा पचीसिया के तबादले के साथ ही उनका तबादला रद्द किये जाने की मांग भी हुई है। प्रदीप यादव नामक व्यक्ति ने सीएम हेल्पलाइन पर अपनी बात रखते हुए नेहा को वापस गुना में पदस्थ किए जाने की बात कही है। इसका ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नेहा ने कहा कि जब से मैं गुना आई हूं तब से मैंने ये महसूस किया है कि यहां भेदभाव बहुत ज्यादा है। मेरे सोशल नेटवर्किंग साइट पर एक्टिव रहने और मुझे सम्मान मिलने के कारण भी कई लोगों को दिक्कत होती है। आईजी ग्वालियर अविनाश शर्मा ने इसे अनुशासनहीनता बताया है। आईजी शर्मा ने कहा कि उन्होंने कभी किसी को परेशान नहीं किया। सीएसपी पच्चिसिया से ही इस बारे में पूछा जाना चाहिए की उन्होंने ऐसा क्यों लिखा। वैसे भी यह मामला अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। यह मामला विभागीय है इसलिए इस पर वे ज्यादा टिप्पणी नहीं करेंगे।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# शनि मेला के लिये सौंपे गये दायित्वों को अधिकारी अधीनस्थों पर न छोड़े - कलेक्टर

**मुरैना।** 13 मार्च को शनिचरी अमावस्या होने पर भगवान शनि मंदिर ऐंती पर्वत पर विशाल मेला आयोजित होगा। शनिचरी अमावस्या पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसको दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन ने मंगलवार को देर रात्रि तक शनि मंदिर सभागार में समस्त अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में समस्त विभागों को अपने-अपने कार्यो का दायित्व सौंपा और प्रति अधिकारी से उसके कार्य के बारे में वन-टू-वन चर्चा की। कलेक्टर ने दो टूक शब्दों में अधिकारियों को सख्त लहिजे में निर्देश दिये कि मुझे शनि मेले में किसी भी प्रकार की अफरा-तफरी मंजूर नहीं होगी। जिस अधिकारी को जो जिम्मेदारी सौंपी है, वे अधिकारी स्वयं दायित्वों का निर्वहन करें, अपने दायित्व अधीनस्थों को सौंपते है, कार्य समय पर नहीं होता है या अधीनस्थों को निर्देश दे दिये है, इस प्रकार के शब्दों का उपयोग करेंगे, उस अधिकारी के खिलाफसख्त कार्रवाही करूंगा। शनि मेले में बेहतर व्यवस्थायें दिखें, ऐसे प्रर्यास सभी विभाग करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार पाण्डेय, डीएफओ श्री निकम, अपर कलेक्टर श्री उमेशप्रकाश शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर सहित समस्त विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन ने अधिकारियों को निर्देश दिये है कि पिछले मेले की तुलना में यह मेला दो वर्ष बाद आयोजित किया जा रहा है, इसलिये मेले में अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मेले में श्रद्धालुओं को सभी सुविधायें आसानी से मुहैया हो सकें। इसके लिये हम सभी अधिकारियों को कटिबद्ध होकर कार्यो को मुर्तरूप देना होगा। उन्होंने कहा कि मेले में समस्त बिन्दुओं को

## शनि मेले के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर होंगे , शनि मेला 12 एवं 13 मार्च को



केन्द्रित करते हुये सीसीटीव्ही कैमरे लगाये जायें, जिससे कंट्रॉल रूम पर पूरे मेले की कमान दिखाई देती रहे। उन्होंने कहा कि भीड़ को ध्यान में रखते हुये चिन्हित स्थानों पर बेरिगेट्स का प्रबंध किया जाये। किसी भी प्रकार के बिन्दुओं को अधिकारी हलके से न लें। शनिचरा रेल्वे स्टेशन से शनि मंदिर तक लाइटिंग, पेयजल के पुख्ता प्रबंध किये जायें। कलेक्टर श्री कार्तिकेयन ने कहा है कि एसडीओपी एवं एसडीएम 7 दिवस के अंदर मेले की पूर्ण सड़कों का नक्शा तैयार करें और जिस विभाग की जहां जो जिम्मेदारी है, उन पॉइंटों को भी अंकित करें। अगले सात दिन बाद पूर्ण तैयारी के साथ मुझे एवं पुलिस अधीक्षक को अवगत करायें, उसके बाद पुनः बैठक शनि मंदिर पर की जायेगी। जिसमें प्रत्येक पॉइंटों का अवलोकन किया जायेगा और वहां किसकी जिम्मेदारी, कौन अधिकारी लगाय जायेगा, ऐसे सभी बिन्दुओं को देखा जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि शनिचरा स्टेशन से लेकर धर्मशाला, वन चॉकी, शनि मंदिर प्रांगण में 4 अस्थाई हॉस्पीटल, डॉक्टर, स्टाफ नर्स, एम्बूलेंस, पलंग से लैस रहेंगे। कलेक्टर ने कहा कि कम्यूनिकेशन प्लान के तहत मेला परिसर में 12 मार्च दोपहर 12 बजे से सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को अपनी-अपनी ड्यूटियां सौंप दी जायेगी। वे अपने-अपने स्पॉट पर ड्यूटी बार तैनात रहेंगे। इस प्रकार की तैयारियां 5 मार्च तक पूर्ण कर ली जावें। कलेक्टर ने कहा कि पुलिस बल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे। फायर प्लान, कंट्रॉल रूम, प्रवेश निर्गम आदि का प्रबंध पुलिस द्वारा किया जावेगा। डीएफओ द्वारा बांस, बल्लियां, शामयाना, ड्रोप गेट का प्रबंध किया जाये। लोक निर्माण विभाग द्वारा बेरीगेट्स, पर्किंग स्थल आदि पर सांकेतिक चिन्ह का प्रबंध किया जाये। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पाइप लाइन को दुरूस्त कर मोटर को दुरूस्त करायें। जनपद सीईओ टेंकर आदि से प्रर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जाये। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण पार्किंग स्थलों को लेवलिंग आदि का प्रबंध, आयुक्त नगर निगम साफ-सफाई, फायर बिग्रेड, ब्लीचिंग पाउडर आदि का प्रबंध करेंगे। मेला अवधि में विद्युत निर्वाध रहे। इसके लिये विद्युत मंडल पर्याप्त जनरेटर आदि का प्रबंध करें। जिला आपूर्ति अधिकारी, कर्मचारियों को भोजन उपलब्ध करायें। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मेले में लंगड़ या कोई सामग्री वितरण कर रहा है, उसकी क्वालिटी चैक करेंगे। परिवहन अधिकारी वाहन व्यवस्था परिमिट प्रदान करेंगे। जनसम्पर्क विभाग प्रेस रिपॉर्टिंग, मेला की संपूर्ण गतिविधियों प्रचार-प्रसार, मीडियो को कव्हरेज कराना, मीडियो का व्हीआईपी पास तथा बेबसाइट आदि पर प्रचार करायेंगे। महिला बाल विकास विभाग द्वारा सुपरवाइजर समय-समय पर ड्यूटी लगायें, जो अधिक भीड़ आने पर महिलाओं को लाइन में लगवायेंगे। शिक्षा विभाग द्वारा काउटंर के माध्यम से व्हीआईपी पास 550 रूपये का विक्रय करायेंगे। प्रधानमंत्री सड़क योजना महाप्रबंधक शनि मंदिर की ओर जाने वाली सड़कों का पेच रिपेयरिंग का कार्य करायेंगे। मेला अवधि के दो दिवस पूर्व हेवी वाहन पर पूर्णतः प्रतिबंध कराने के आदेश जारी करायेंगे।

## सरसंक्षिप्त समाचार

### समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष का धूमधाम से मना 57 वाँ जन्मदिन

**मऊरानीपुर (झाँसी)।** समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष डॉ. उमेश खरे का 57 वाँ जन्मदिन नगर में पार्टी के लोगों ने बडे हर्षोल्लास के साथ मदर फूड्स पर धूमधाम तरीके के साथ मनाया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्तागणों ने नगर अध्यक्ष डॉ. उमेश खरे से केक कटाकर जोरदार जश्न मनाया। साथ ही बधाईयाँ एवं शुभकामनायें देने वालों का सुबह से देर रात तक बराबर तांता देखने को मिला। इस मौके पर राकेश पहलवान जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी, चाँद राईन, राजू ओमरे, रामकिशोर भटनागर, संतोष सेठ, डॉ. प्रशान्त चतुर्वेदी, रवि आर्य, सीताराम साहू, विजय शर्मा, जितेन्द्र राजपूत, धर्मेन्द्र सोनी मीडिया प्रभारी, चंद्रमणि रैकवार, मान सिंह राठौर, अफजल मंसूरी, हेमन्त यादव, रुप सिंह यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक 13 को

**मुरैना।** कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक 13 फरवरी को प्रातः 11 बजे नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में राजस्व अधिकारी पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### जीवन प्रमाण पत्र 28 फरवरी तक जमा होंगे

**मुरैना।** कर्मचारी भविष्य निधि से पेंशन प्राप्त करने वालों के लिए जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की अवधि 28 फरवरी तक दी गई है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, से पेंशन प्राप्त कर रहे, सभी ईपीएस पेंशन धारकों से कहा गया है कि कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2021 तक कर दी गई है एवं इसकी वैधता जारी होने की तिथि से एक वर्ष कर दी गई है। जिन पेंशनरों को जनवरी, 2020 के पश्चात पीपीओ जारी किया गया है अथवा जिन्होंने दिसम्बर 2019 या उसके बाद जीवन प्रमाण पत्र बनवाया है।

### कलेक्टर, जिला सीईओ को आज लगेगी कोविड वेक्सीन

**मुरैना।** कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये है कि 11 फरवरी को राजस्व अधिकारियों को कोविड वेक्सीन लगाई जाये। जिसमें कलेक्टर, जिला सीईओ समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को कोविड वेक्सीन लगाने के समुचित प्रबंध किये जायें।

### खण्ड स्तरीय बैठक आज

**मुरैना।** क्षेत्रीय विधायक श्री राकेश मावई द्वारा विधानसभा क्षेत्र 06 मुरैना के अन्तर्गत आने वाले खण्ड स्तरीय सभी विभागों के कार्यो की समीक्षा बैठक 11 फरवरी 2021 को दोपहर 2 बजे जनपद पंचायत कार्यालय मुरैना के सभागार में आयोजित की गई है। यह जानकारी अनुविभागीय अधिकारी मुरैना ने दी है।

# अधिकारी प्राप्त लक्ष्य को पूर्ण करें, कोताई बर्दाश्त नहीं

### टीएल बैठक में कलेक्टर ने 12 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस, कई अधिकारियों का वेतन काटा

**मुरैना।** कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन ने समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश दिये है कि मुख्यमंत्री की वीसी में जिले का परफर्मेंस अच्छा आना चाहिये। योजनाओं में गति नहीं आई तो जिला अन्तिम बॉटम पर दिखा तो उन अधिकारियों के खिलाफसख्त कार्वाही होगी। समीक्षा के दौरान कई योजनाओं में जिले की प्रगति बहुत अच्छी नहीं है, इस कारण कलेक्टर ने 12 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस, 6 अधिकारियों को वेतन काटने तथा दो के खिलाफवेतनवृद्धि रोकने का प्रस्ताव कमिश्नर को भेजने के निर्देश दिये। ये निर्देश उन्होंने टीएल बैठक के दौरान नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री रोशन कुमार सिंह, अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, नगर निगम कमिश्नर श्री अमरसत्य गुप्ता, एसडीएम, समस्त जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, तहसीलदार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कार्तिकेयन ने प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर योजना की समीक्षा की जिसमें सबसे खराब प्रगति सीएमओ जौरा की पाई गई। कलेक्टर ने सीएमओ जौरा को निर्देश दिये कि इस प्रकार की प्रगति मुझे मंजूर नहीं है। तीन दिवस के अंदर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं आई तो आपकी एक वेतनव्रद्धि रोकने का आदेश कमिश्नर को भेज दिया जायेगा तथा एक जांच समिति गठित की



जायेगी जिसमें संयुक्त कलेक्टर श्री एलके पाण्डे और संबंधित एसडीएम जब से आप जौरा सीएमओ पदस्थ हैं तब से किये गये कार्यो की समीक्षा एवं मॉनीटरिंग करेंगे। कार्य में कहीं भी कमी पाई गई तो उनका प्रतिवेदन बनाकर मुझे देंगे उसके आधार पर आपके विरूद्ध सख्त कार्यवाही होगी। इसी प्रकार सीएमओ कैलारस भी बैठक से अनुपस्थित पाये गये। कलेक्टर ने बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने पर कैलारस सीएमओ का एक दिवस का वेतन तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने सभी सीएमओ को अगली टीएल तक 10 प्रतिशत प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये जिसमें पोरसा को 72 अंबाह को 90, सबलगढ को 70, बानमोर को 83, जौरा को 50, झुंडपुरा को 10 प्रतिशत की व्रद्धि करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अगले माह बैंकों में ईयर क्लोज रहेगा इसलिये जो भी योजनायें हैं उनके लक्ष्य इस माह पूर्ण हो जायें मैं किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं करूंगा। कलेक्टर ने ग्रामीण पथ विक्रेता स्ट्रीट वेंडर योजना की समीक्षा की जिसमें पहाड़गढ जनपद सीईओ द्वारा लक्ष्य के अनुरूप प्रगति बहुत घटिया स्तर की प्रस्तुत की इस पर उन्होंने पहाड़गढ सीईओ को कारण बताओ नोटिस, एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद सीईओ पोरसा को निर्देश दिये कि अगले तीन दिवस में योजना का लक्ष्य पूर्ण करें। इसी प्रकार पोरसा जनपद सीईओ द्वारा योजना में गति नहीं देने पर लक्ष्य पूर्ण नहीं किया है इस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की और कारण बताओ नोटिस तथा तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह 100 प्रकरणों में वितरण नहीं कराये तो एक वेतन व्रद्धि रोकने का प्रस्ताव कमिश्नर को भेज दिया जाये। उन्होंने कहा कि अधिकारी लक्ष्य बनाकर गति लायें। बैंकों में पहुंचने से पहले दुगना लक्ष्य लेकर चलें तब कहीं 100 का लक्ष्य पूर्ण कर पायेंगे। कलेक्टर ने स्वसहायता समूह की समीक्षा की जिसमें पिछले 4 दिनों में 74 प्रतिशत से आंकड़ा बढ़ा नहीं इस पर उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त की और अगले सोमवार तक 80 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कोविड वेक्सीन की समीक्षा की जिसमें 8 फरवरी से 1660 व्यक्तियों को लगाया जाना था जिसमें मात्र 798 व्यक्तियों को टीका लगाया गया जिसकी प्रगति मात्र 48 हुई।

### भाजपा नेता रोमेश महंत के आतिथ्य में सम्पन्न हुई बैठक

# आजीवन सहयोग निधि को लेकर भाजपा दबोह मंडल की वैठक सम्पन्न

**दबोह(अर्पित गुप्ता)**


भाजपा मंडल दबोह द्वारा भाजपा के सदस्यों की आजीवन सहयोग निधि के संग्रहण हेतु एक बैठक का आयोजन बिश्राम ग्रह दबोह में आयोजित की गई।जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता एबम आजीबन सहयोग निधि के विधानसभा प्रभारी रोमेश महंत विशेष रूप से मौजूद रहे।बैठक शूरू करने से पहले रोमेश महंत द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी व



पँ.दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया व तदोपरांत माल्यार्पण किया गया।बैठक के दौरान रोमेश महंत में कहा कि पार्टी पदाधिकारियों को अपने कार्य के प्रति सजक रहकर कार्य करना है हम सबको पार्टी के लिये आजीवन सहयोग राशि के लिये पार्टी के पूर्व पदाधिकारियों बर्तमान पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओ से आजीवन सहयोग राशि के लिये सम्पर्क करें और पार्टी को मजबूत करें।अपना लक्ष्य बनाकर पार्टी कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर सहयोग राशि एकत्रित करे।उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता अपनी अपनी टीम बनाकर हर भाजपा कार्यकर्ता से सम्पर्क करें और सहयोग राशि मे अपना योगदान दें।तो वहीं भाजपा नेता पूर्व नप उपाध्यक्ष अंजनी कुरचानियां ने मौके पर ही आजीवन सहयोग निधि को लेकर 5000 रुपये की निधि देने की घोषणा की।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता भगवान नायक,केशव दास विजपुरिया,आजीवन सहयोग निधि के मंडल प्रभारी अंजनी कुरचानियां,मण्डल अध्यक्ष दबोह देवेंद्र उपाध्याय,महामंत्री राव सहाव गुर्जर,पूर्व मण्डल महामंत्री अरविन्द गुप्ता ( छोटू नेता ),मनोज गुप्ता पूर्व पार्षद आदि के साथ मण्डल के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जला अस्पताल में सिटी स्कैन कर्मचारी की मरीज के अटेंडरों ने लात घूसों से की मारपीट

**मुरैना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के जिला अस्पताल में बीती रात तीन चार युवकों ने सिटी स्कैन में कार्य कर रहे कर्मचारी की लात घूसों से मारपीट कर दी। जिसकी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। जानकारी के अनुसार बीती रात रामकेश सिकरवार पुत्र श्री कृष्ण सिकरवार निवासी नैनागढ़ रोड की तबीयत खराब होने के कारण उसके परिजन उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराने के लिए लेकर आये थे।तभी रामकेश सिकरवार की तबीयत अधिक खराब होने के कारण डॉक्टर ने उसे सिटी स्किन कराने के लिए भेज दिया था।तभी उनके साथी ओमकार परमार की धर्मराज पुत्र महेंद्र सिंह जाट फालीन कोसीकला मथुरा से नंबर लगाने के ऊपर विवाद हो गया।विवाद इतना बढ़ गया एक पक्ष के लोग गाली गलौज करने लगे। सिटी स्कैन में कार्य कर रहे धर्मराज ने गाली गलौज करने से मना किया तो उन्होंने एक राय होकर लात घूसों से मारपीट कर दी और ऑफिस में तोडफ़ोड़ कर दी और भाग गए। वहीं इस पूरे मामले में धर्मराज पुत्र



महेंद्र सिंह जाट निवासी फालीन कोसी कलां मथुरा ने बताया कि सिद्धार्थ एमआरआई प्राइवेट कंपनी की तरफ से नौकरी करता हूं बीती रात ओमकार परमार अपने पेशेंट रामकेश सिकरवार को सीटी स्कैन कराने के लिए लेकर आया तो उन्होंने कहा कि पहले हमारा नंबर लगाओ उसके बाद किसी और का नंबर लगाना है। इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और ओमकार परमार ने अपने साथियों के साथ मिलकर लात घूसों से मारपीट कर दी और ऑफिस में तोडफ़ोड़ कर दी। जिस की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। वहीं पुलिस ने इस पूरे मामले में एफ आई आर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में पाँच घायल

**मऊरानीपुर (झाँसी)।** विभिन्न सडक दुर्घटनाओं में पाँच व्यक्ति घायल हो गये। प्राप्त विवरण में दिनेश पटेल (38) पुत्र हरप्रसाद पटेल निवासी दुगारा, सोनू (35) पुत्र दबलू निवासी बुखारा, रबिया (18) पुत्री हैदर अली निवासी बम्हौरी, उर्मिला देवी (35) पत्नी तुलाराम निवासी बम्हौरी, कैलाश (35) पुत्र हर्देश निवासी पलेरा को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। दिनेश पटेल, रबिया, उर्मिला देवी की हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

### महिला ने किया जहर का सेवन

**मऊरानीपुर (झाँसी)।** अज्ञात कारणों के चलते महिला ने जहर का सेवन कर लिया। प्राप्त विवरण में लाडली (40) पत्नी पर्वत निवासी हरपुरा को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

### चिटफंड कंपनियों के विरूद्ध भी हुई कार्यवाही

# माफियाओं के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाही - कमिश्नर सक्सेना

**मुरैना।** चंबल-ग्वालियर संभाग के कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने चंबल संभाग के मुरैना, भिण्ड और श्योपुर कलेक्टरों को निर्देश दिये है कि भू खनिज, मिलावटखोंरो, चिटफंड कंपनियों, अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के खिलाफ मुहिम चलाकर कड़ी कार्रवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की यह प्राथमिकता वाली योजना है। कमिश्नर श्री सक्सेना ने कहा कि कलेक्टरों ने इन माफियाओं के खिलाफ कार्वाही शुरू कर दी है, लेकिन इन कार्वाहियों में और अधिक तेजी लाने की आवश्यकता है। कमिश्नर श्री सक्सेना ने बताया कि मुरैना जिला प्रशासन द्वारा भूमाफिया गुण्डा बदमाशों के विरूद्ध 31 दिसंबर तक कार्यवाही करते हुये उनके कब्जे से 7 करोड़ 18 लाख 42 हजार रूपये मूल्य की शासकीय भूमि को मुक्त कराया गया है। जनवरी 2021 माह में शराब माफिया छैरा निवासी मुकेश किरार पुत्र भोगीराम किरार का मकान जमीदोज किया है। मुरैना नगर में गांजा तस्कर के विरूद्ध कार्यवाही कर उसका मकान भी जमीदोज किया गया। वहीं भिण्ड जिले में 28 हजार 664 वर्गफीट शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। जिसकी अनुमानित कीमत 2 करोड़ 67 लाख 42 हजार रूपये बताई गई है। ावटखोंरो से शासकीय भूमि पर अवैध निर्मित 3 मकानों को हटाया जाकर अतिक्रमण से मुक्त कराया है। भिण्ड में 22 सक्रिय गुण्डों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्वाही की जा रही है। श्योपुर जिले में पुलिस एवं राजस्व विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र की 0.836 हेक्टेयर शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 41 लाख 2 हजार रूपये है, को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है एवं अतिक्रमकों के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये है। इसके अतिरिक्त 2 गुंडों पर जिला बदर की कार्वाही की गई है। श्योपुर जिले में अवैध उत्खनन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, तथा सतत रूप से खनिज अमला द्वारा भ्रमण कर रोकथाम की कार्वाही जारी है। मुरैना जिले में 1 जनवरी 20 से 31 दिसंबर 20 तक कुल 12 चिटफंड कंपनियों के प्रकरणों में 76 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 63 आरोपियों की तलाश जारी है। इन 12 प्रकरणों में चिटफंड कंपनियों द्वारा 28 करोड़ 5 लाख 17 हजार 975 रूपये की निवेशित राशि निवेशकों से जमा कराई थी जिसमें से 1 करोड़ 84 लाख 71 हजार 116 रूपये निवेशित राशि निवेशकों को वापस कराई है।

**मुरैना, भिण्ड और श्योपुर में अतिक्रमण से शासकीय भूमि मुक्त, चिटफंड कंपनियों, मिलावटखोंरो के खिलाफहुई कार्रवाही**

# मुझे सीएम हेल्पलाइन में सुधार चाहिये- कलेक्टर कार्तिकेयन

**मुरैना।** कलेक्टर श्री बी कार्तिकेयन ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की जिसमें राजस्व विभाग की सबसे अधिक शिकायतें पाई गईं। इस पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त किया और राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन निराक्रत नहीं हुई तो मैं संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही करूंगा। उन्होंने कहा कि जितनी शिकायतें आ रही हैं उससे ज्यादा निराकरण का प्रतिशत होगा तभी सीएम हेल्पलाइन में कमी आ सकती है। इस प्रकार का रवैया रहा तो सीएम हेल्पलाइन कभी भी कम नहीं हो पायेगी। ये निर्देश उन्होंने बुधवार को टीएल बैठक की समीक्षा के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में दिये। कलेक्टर श्री बी कार्तिकेयन ने सीएम हेल्पलाइन को चार केटेगरी में विभाजित किया है जिसमें ए केटेगरी रेवेन्यू विभाग, बी केटेगरी पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सी केटेगरी शिक्षा उर्जा आदि बड़े बड़े विभाग तथा डी केटेगरी में ऐसे विभाग होंगे जिनकी एक दो शिकायतें



ही आतीं है। उन्होंने कहा कि जौरा एसडीएम द्वारा पिछले सप्ताह राजस्व कार्य में सीएम हेल्पलाइन जितनी हल की उससे कहीं ज्यादा पोर्टल पर नई शिकायतें जुड़ी इस प्रकार की पूअर प्रोग्रेस पर कलेक्टर ने एसडीएम को नोटिस तथा जौरा के तीनों तहसीलदारों का दो दो दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये। इसी प्रकार सबलगढ एसडीएम के पोर्टल पर 400 शिकायतें, मुरैना एसडीएम की 193 शिकायतें समीक्षा के दौरान पाई गईं। कलेक्टर ने कहा कि जितनी शिकायतें आ रही हैं उसकी दुगनी क्षमता में सीएम हेल्पलाइन निराक्रत होंगी तभी आंकड़ा कम किया जा सकता है। कलेक्टर ने ग्रामीण विकास की समीक्षा की जिसमें मुरैना सीईओ की 140 शिकायतें लंबित पाई गईं इस पर कलेक्टर ने पहाड़गढ जनपद सीईओ को 60 पोरसा को 70 प्रतिशत सीएम हेल्पलाइन अगले सप्ताह कम करने के निर्देश दिये। इनके अलावा शिक्षा विभाग में 271, उर्जा विभाग की 251, पीएचई की 258, ऋषि की 230 और निर्वाचन की 12 शिकायतें सीएम हेल्पलाइन पर पाई गईं। कलेक्टर ने ग्रुप डी की समीक्षा की जिसमें उन्होंने छोटे छोटे विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जितनी शिकायतें पाई जायेंगी, उतने दिन का वेतन काटा जायेगा, इसलिये अधिकारी एल 1 पर होने वाली सीएम हेल्पलाइन एल-1 पर ही निराक्रत करें।

# 2.बुन्देलखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ की हुयी बैठक

**मऊरानीपुर (झाँसी)।** बुन्देलखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह परिहार के आवास पर ब्लॉक अध्यक्ष रामस्वरुप पाल की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। जिसमें 1. जिलाध्यक्ष जितेन्द्र दीक्षित द्वारा शिक्षकों की समस्या के निस्तारण हेतु



जिलाधिकारी एवं लेखाधिकारी को दिये गये ज्ञापन पर आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। 2. सभी नवनियुक्त शिक्षकों की शीघ्र वेतन आहरित की माँग की गयी। 3. नवनियुक्त शिक्षकों के शीघ्र प्रान नं. आवंटित करने की माँग की गयी। 4. प्रान नं. देने के लिये खण्ड शिक्षाधिकारी द्वारा तिथि तय करने की माँग की गयी। बैठक में अजय सिंह परिहार , ध्रुव रावत, बृजेन्द्र सेंगर, देवेन्द्र पिपरैया, प्रमोद निर्मोही, रवि पाल, पंकज पाठक, विक्रम रुसिया, संतोष शर्मा , पुष्पा रविकान्त, पुष्पेन्द्र तिवारी, नीरज शर्मा, महेश दुबे, राधवेन्द्र शर्मा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# मोटापे का शिकार हो रहे लोग

व्यस्त जीवनशैली के कारण आजकल हमें अपनी सेहत पर ध्यान देने का वक्त ही नहीं मिलता। इस वजह से ज्यादातर लोग मोटापे का शिकार बन  जाते हैं। मोटापा सबसे ज्यादा हमारे पेट पर नजर आता है। यह स्वास्थ्य के लिए खराब तो है ही, देखने में भी काफी बुरा लगता है।  मोटापे के बड़े कारणों में खाने-पीने की आदतों में बदलाव न कर  पाना और एक्सरसाइज के लिए समय न निकाल पाना है। हमारा अस्त-व्यस्त रुटीन हमारी इस परेशानी की सबसे बड़ी वजह है। अगर आपके पास भी समय नहीं है तो परेशान ना हों , क्योंकि आज हम आपको बता रहें कि डाइटिंग और एक्सरसाइज किए बिना आप किस तरह अपने वजन को कम कर सकते हैं। आपको बस अपनी कुछ आदतों में सुधार करने की जरूरत है। सोने का तरीका हमारी बहुत सी



परेशानियों को दूर करने में मददगार होता है। सामान्य रूप से एक शख्स को सात से आठ घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए। आज के समय में बेहद व्यस्त दिनचर्या के चलते ज्यादातर लोग पर्याप्त नींद नहीं ले पाते हैं और ये भी मोटापे की एक प्रमुख वजह है। अगर आपको सोडा और दूसरे सॉफ्ट ड्रिंक पीना पसंद है तो यह आपके मोटापे की प्रमुख वजह हो सकता है। इन पेय-पदार्थों में पर्याप्त मात्रा में कैलोरी होती है जिससे वजन बढ़ना तय है। तो ऐसे में अब अगर आपको जब भी प्यास लगे तो सॉफ्ट ड्रिंक की जगह सादा पानी पिएं। अगर आपको अपना बढ़ा हुआ पेट अजीब नजर आने लगा है तो आज से सीधे खड़े होने की आदत डाल लीजिए। बेली फैट को कम करने के लिए यह सबसे सही पोश्चर है। यह बात कई शोधों में भी साबित हो चुकी है। अगर आप बैठे हैं तो कोशिश कीजिए कि घुटनों को मोड़कर 30 सेंकेंड्स के लिए सांस अंदर खींचकर बैठें। अगर आप दिन में पांच से छह बार भी ऐसा कर लेते हैं तो कुछ ही दिनों में आपको परिणाम नजर आने लग जाएंगे.

एक रिपोर्ट के अनुसार अगर कोई भी व्यक्ति दिन में महज 21 मिनट तक व्यायाम करता है तो उसकी उम्र 3 साल तक बढ़ सकती है। ये अध्ययन 12 महीनों में 6,600 हजार लोगों पर किया गया है, जो दिन में 21 मिनट और हफ्ते में 150 मिनट का समय व्यायाम को देते हैं। वहीं, स्टडी के बाद 3 साल की जिंदगी बढ़ने की उम्मीद पाई गई। शोधकर्ताओं ने युवाओं पर रिसर्च कर पाया कि अगर रोजाना 60 से 90 मिनट तक चला जाए तो 2.4 साल से 2.7 साल तक का जीवन बढ़ सकता है।

# बेहतर सेहत के लिए करें ये उपाय

अगर तले और भारी खाने के कारण आप की सेहत खराब हो रही है तो कुछ आसान उपायों से आप राहत पा सकते हैं। इसके लिए आपको कुछ नियमों का पालन करना होगा।  आपको सुबह में नींबू का गर्म पानी पीना चाहिए. पंद्रह दिनों तक या उससे ज्यादा ये वाला नियम अपनाने से आपका वज कम हो सकता है। फाइबर का ज्यादा सेवन करने के लिए आपको ककड़ी, गाजर, सलाद, स्प्राउट्स और हरी पत्तेदार सब्जियां खानी चाहिए। संतुलित आहार के अलावा आपको व्यायाम की भी जरूरी होती है। इससे आप अतिरिक्त फैट कम कर सकते हैं। वर्कआउट से हॉर्मोन एंडोर्फिन रिलीज होता है और इससे मूड भी खुशनुमा रहता है। पर्याप्त नींद आपका वजन घटाने में मददगार होती है। नींद



लेने के बाद अगले दिन शरीर में ताजगी रहती है और आपकी दिनचर्या भी सुचारू रूप से चलती रहती है।  मीठे पकवान या फिर चीनी वाले खाद्य पदार्थ बिल्कुल न खाएं। डिटॉक्स के लिए हर दिन कम से कम दो लीटर पानी पीना जरूरी है। इससे आपका शरीर, विषैले पदार्थों को बाहर निकाल देता है।

# अनिंद्रा से बढ़ता है डिमेंशिया का खतरा



अगर आप रात के समय कम सोते हैं और सोने के बाद बार-बार आपकी नींद खुल जाती है, तो सावधान हो जाएं क्योंकि एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि यह आपके याद रखने की क्षमता को पूरी तरह नष्ट कर सकती है। ना केवल मानसिक, बल्कि? यह शारीरिक सेहत के लिए भी ठीक नहीं है। अध्ययनकर्ताओं का दावा है कि इससे डिमेंशिया बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। न्यूरोलॉजिस्ट का कहना है कि सोने के दौरान हमारा मस्त ?ष्क बहुत से काम करता है। जैसे कि यादों को संचित करने और उन्हें संभालने जैसे काम। डिमेंशिया एक ऐसी बामारी है, जिसमें आप चीजों को भूलने लगते हैं, आप का मूड स्वींग होने लगता है, काम में आपका मन नहीं लगता और साथ ही आप चिड़चिड़े हो जाते हैं। कम नींद आपके दिमाग पर बुरा असर डालती है, जिसके चलते व्यक्ति में सोचने-समझने जैसी संज्ञानात्मक क्षमता के साथ चीजों को याद रखने की क्षमता भी कम होने लगती है। यह भी सामने आया कि कम नींद की वजह से कैंसर होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। नींद अच्छी करने के लिए अपनाएं ये तरीके हर दिन एक ही समय पर सोएं और उसी समय के अनुसार उठें इस तरह से आपका दिमाग एक समय पर सोने और उठने का आदि हो जाएगा और आपकी नींद अच्छी होने लगेगी। रात में सोने से लगभग 3 घंटे पहले तक कुछ ना खाएं क्योंकि देर रात खाते ही लेट जाने से खाना हजम नहीं हो पाता, जिस कारण सोने के बाद बार-बार आपकी आंख खुलती रहती है और आप आराम की नींद नहीं ले पाते।

# नारियल पानी के हैं कई लाभ

नारियल पानी अपने स्वाद के साथ ही कई गुणों से भरा हुआ है। नारियल पानी में शरीर के लिए फायदेमंद कई तरह के विटामिन्स,  मिनरल्स और इलेक्ट्रोलाइट मौजूद हैं। इसके अलावा इसमें कैलोरी र फैट भी कम पाया जाता है। इसका प्रतिदिन सेवन करने से वजन कम करने में भी सहायता मिलती है। नारियल पानी का सेवन लिवर के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। दरअसल, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो लिवर में मौजूद कई तरह के विषाक्त पदार्थों की एक्टिविटि को कम करते हैं। नारियल पानी लिवर को स्वस्थ रखने में मदद करता है। आपको इसका सेवन जरूर करना चाहिए। हाई ब्लड प्रेशर में नारियल पानी का सेवन



लाभकारी माना जाता है। नारियल पानी हृदय रोग का खतरा भी कम करता है। दरअसल, यह खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है। इसका सेवन हाइपरटेंशन और स्ट्रोक के खतरे को कम करने में मदद करता है। नारियल पानी का सेवन वजन कम करने के लिए भी किया जाता है। दरअसल, यह कैलोरी में कम और पचाने में आसान होता ह। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो वजन और मोटापा कम करने में मददगार हैं। इसका रोजाना सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। सुबह खाली पेट इसका सेवन सबसे अधिक फायदेमंद रहता है।

# ऐक्ट्रेस साक्षी मलिक ने शेयर कीं मालदीव वकेशन की तस्वीरें

**मुंबइ।** ऐक्ट्रेस-मॉडल साक्षी मलिक फिल्म %सोनू के टीटू की स्वीटी% के सॉन्ग %बोम डिगी डिगी% के लिए जानी जाती हैं। इसके साथ ही वह सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं और अपनी ग्लैमरस फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। साक्षी मलिक ने एक बार फिर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तीन तस्वीरें शेयर की हैं। उनकी ये थ्रोबैक तस्वीरें मालदीव वकेशन की हैं। इसके साथ ही साक्षी मलिक ने फैंस से अपने अगले हॉलिडे डेस्टिनेशन को लेकर राय मांगी है।  साक्षी मलिक ने अपनी तस्वीरों के साथ के साथ लिखा, %क्या मुझे फिर से मालदीव जाना चाहिए या यूरोप के फिर से खुलने का इंतजार करना चाहिए ?% बताते चलें कि साक्षी मलिक के इंस्टाग्राम पर करीब 6 मिलियन फॉलोवर हैं। साक्षी मलिक ने जो तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। पहली और दूसरी तस्वीर में वह स्विमसूट में नजर आ रही हैं। तीसरी तस्वीर में साक्षी मलिक अपने बॉयफ्रेंड सांतुल कटहरा के साथ बैठी हुई हैं। साक्षी मलिक को फिल्म %सोनू के टीटू की स्वीटी% के सॉन्ग से लोकप्रियता मिली थी। इस गाने से उन्होंने लोगों को इम्प्रेस किया था।



# वरुण धवन की दुल्हनिया रेड ड्रेस में आईं नजर

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन से शादी रचाने के बाद उनकी दुल्हनिया नताशा दलाल सुर्खियों में बनी हुई हैं। सिंपल लुक में हमेशा नजर आने वाली नताशा एक बार फिर से घर के बाहर स्पॉट हुईं। नताशा दलाल इस बार रेड ड्रेस में बोल्ड अवतार में नजर आईं। सोशल मीडिया पर नताशा की ये तस्वीरें खूब वायरल हो रही हैं। नताशा को रात को पैपपाजी ने बांद्रा स्थित चाइनीज रेस्ट्रोरेंट हक्कासन के पास स्पॉट किया। नताशा दलाल हॉट रेड कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आईं। इसके साथ ही उन्होंने हाथों में सफेद चूडा और मुंह में मास्क लगाया हुआ था। हाई हिल्स के साथ नताशा बेहद खूबसूरत लग रही थीं।  उन्होंने लाइट मेकअप किया हुआ था और बालों को खोल रखा था। वरुण और नताशा दोनों बचपन से एक दूसरे को जानते हैं और दोनों ने पढ़ाई भी साथ में ही की है। कई सालों तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद आखिर दोनों शादी के बंधन में बंध गए हैं। वरुण और नताशा की शादी बेहद प्राइवेट इवेंट था। जिसमें परिवार के अलावा कुछ करीबी दोस्त और इंडस्ट्री के कुछ लोग ही शामिल हुए थे। दोनों ने अपने परिवार और सीमित मेहमानों की मौजूदगी में 24 जनवरी को महाराष्ट्र के अलीबाग में सात फेरे लिए। शादी का वेन्यू अलीबाग के द मेंशन हाउस रिजॉर्ट में रखा गया था।  दोनों की शादी की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब पसंद की जा रही हैं।



# स्ट्रीट वेंडर्स को मिलने वाले बैंक ऋण की मंजूरी में विलंब न हो : मुख्यमंत्री चौहान

## मुख्यमंत्री से मिले स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से आज भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक (मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़) श्री उमेश पांडे ने भेंट की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्ट्रीट वेंडर्स के लिए लागू ऋण योजनाओं की तत्परता से मंजूरी का आग्रह किया। विशेष रूप से स्व-निधि योजना, जिसे प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्म-निर्भर निधि भी कहा जाता है, पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के प्रकरणों की स्वीकृति और योजना के क्रियान्वयन के बारे में भी बातचीत हुई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य-स्तरीय बैंकर्स समिति की अगली बैठक में योजना के अंतर्गत राशि के वितरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर योजना गरीबों के कल्याण की योजना है। छोटे व्यवसायी जो शहरों और गाँवों में रेहड़ी और सड़क किनारे गुमटी या ठेला लगाकर छोटा-मोटा व्यवसाय करते हैं, उन्हें आसानी से ऋण सहायता मिले, इसके लिए प्रयास बढ़ाये जायें। वर्तमान में ऐसे प्रकरणों में स्वीकृति में देरी होने की शिकायतें कुछ जिलों से प्राप्त हुई हैं। लघु व्यवसाय से जुड़े जरूरतमंद लोगों को सरलता से ऋण राशि मिले, यह प्रयास बैंक शाखा स्तर पर



किया जाये। साथ ही इन हितग्राहियों से प्राप्त ऋण की अदायगी भी हो, इसके लिए सरकार और बैंक स्तर पर संयुक्त प्रयास किये जायें। इससे ऐसे हितग्राहियों को फिर से ऋण दिए जाने का कार्य आसान होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा छोटे स्तर पर व्यवसाय करने वाले विक्रेता, ऋण से संबंधित मापदंड के तकनीकी पहलू नहीं जानते हैं। अतः बैंक स्तर पर उनकी शिकायतों को दूर किया जाना चाहिए। मुख्य महाप्रबंधक श्री पांडे ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को आश्वस्त किया कि इस कार्य में विलंब नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक मुख्यालय द्वारा छोटे व्यवसाइयों की ऋण योजनाओं की अविलंब स्वीकृति के लिए सभी बैंक शाखाओं को निर्देशित किया गया है। भारतीय स्टेट बैंक गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री चौहान से भेंट के दौरान भारतीय स्टेट बैंक के जनरल मैनेजर श्री राजेश सक्सेना भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि पीएम स्व-निधि ऋण योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में सभी राज्यों से आगे है। इसी तरह मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना में भी अच्छे परिणाम प्राप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। योजना में ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे-छोटे स्ट्रीट वेण्डर्स जैसे फल, सब्जी, आइसक्रीम, ब्रेड, बिस्किट विक्रेता, जूते-चप्पल, झाड़ू बेचने वाले, साइकिल रिपेयरिंग करने वाले, बढ़ई, कुम्हार, बुनकर, धोबी और टेलर्स आदि को 10-10 हजार रूपए का ब्याज रहित ऋण उनके कार्य के उन्नयन के लिए दिलवाया जाता है। क्रेडिट गारंटी राज्य शासन देता है। साथ ही स्टाम्प ड्यूटी भी नहीं लगती। योजना में 18 से 55 वर्ष की आयु का ग्रामीण पथ व्यवसायी लाभ ले सकता है।

# राइस मिलर्स के हितों की रक्षा के लिये हर संभव प्रयास किये जाएंगे : मुख्यमंत्री चौहान

## प्रदेश के राइस मिलर्स ने की मुख्यमंत्री से भेंट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राइस मिलर्स को नुकसान न हो, किसान को उनका हक मिले और जन-सामान्य को सही गुणवत्ता का चावल उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करना राज्य शासन का कर्त्तव्य हैं। प्रदेश के राइस मिलर्स के हितों की रक्षा के लिये राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जायेंगे। इनकी समस्याओं से केन्द्र सरकार को भी अवगत कराया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालयमें प्रदेश के राइस मिलर्स के प्रतिनिधि-मंडल को संबोधित कर रहे थे उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मिलर्स को धान, मिलिंग कर चावल जमा करने में कुछ कठिनाइयाँ हैं, जिनके निराकरण के लिये मध्यप्रदेश चावल उद्योग मंडल द्वारा कुछ सुझाव मुख्यमंत्री श्री चौहान के समक्ष प्रस्तुत किए गए। इसमें प्रदेश की उष्णा मिलों से कस्टम मिलिंग करवाकर उष्णा चावल भारतीय खाद्य निगम में जमा करवाने तथा प्रोत्साहन राशि एक सौ रूपये प्रति क्विंटल करने संबंधी सुझाव प्रमुख हैं। बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह, प्रमुख सचिव श्री फैज अहमद किदवई, विभागीय अधिकारी, मध्यप्रदेश चावल उद्योग महासंघ के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री आशीष अग्रवाल तथा महासंघ के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मध्यप्रदेश में अभी नहीं खुलेंगे मिडिल स्कूल

**भोपाल।** कोरोना वैक्सीनेशन का दूसरा चरण शुरू हो चुका है। इसके साथ ही नए केसों की संख्या में भी लगातार कमी आ रही है। यही वजह है, केंद्र सरकार ने 1 फरवरी को लागू कोविड गाइडलाइन में पूरी क्षमता के साथ सिनेमा हॉल खोलने की अनुमति भी दे दी है। उधर, महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे बड़े राज्य जहां, संक्रमण ज्यादा फैला था, वहां 6 से 8वीं (मिडिल स्कूल) तक की कक्षाएं शुरू हो गई हैं, जबकि प्रदेश में अब तक यह शुरू नहीं हो पाई हैं। छोटे बच्चों की क्लास कब से लगना शुरू होंगी इस सवाल पर मप्र के स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा, राज्य में कोरोना संक्रमण नियंत्रण में है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने छोटे बच्चों के स्कूल खोले जाने पर सहमति नहीं दी है। शिक्षा विभाग अपने स्तर पर कोई निर्णय नहीं ले सकता। यह बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा संवदेनशील विषय है। जैसे ही, स्वास्थ्य विभाग की सहमति मिलेगी, मिडिल और प्राइमरी स्कूल खोलने को लेकर विचार किया जाएगा। बता दें, मध्य प्रदेश में 5 दिसंबर 2020 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक बैठक हुई थी।

### नगरीय विकास एवं आवास विभाग और आईआईएम इंदौर के बीच एमओयू

# आईआईएम से क्षमता संवर्धन और तकनीकी सहयोग मिलेगा



**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह की उपस्थिति में नगरीय निकायों के अधिकारियों और कर्मचारियों के क्षमता संवर्धन और उन्हें तकनीकी सहयोग देने के उद्देश्य से नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा आईआईएम, इंदौर के साथ एमओयू किया गया है। मंत्री श्री सिंह ने कहा है कि हमारा विभाग आईआईएम के सहयोग से नगरीय विकास के कार्यों में उत्कृष्टता लायेगा। इससे प्रदेश के नागरिक लाभान्वित होंगे। आईआईएम, इंदौर के डायरेक्टर श्री हिमांशु राय ने कहा कि हमें उद्देश्य, उत्तरदायित्व और उत्कृष्टता पर कार्य करना है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के साथ मिलकर हम मध्यप्रदेश को शहरों के विकास के क्रम में शिखर पर ले जायेंगे। केपेसिटी बिल्डिंग हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री मनीष सिंह और आयुक्त नगरीय प्रशासन और विकास श्री निकुंज श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## 15 फरवरी तक होंगे आईटीआई में प्रवेश

**भोपाल।** प्रदेश के शासकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में लगभग 7 हजार 660 रिक्त सीटों में 15 फरवरी तक प्रवेश होंगे। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास विभाग द्वारा आईटीआई में पुनः प्रवेश की प्रकिया गुरूवार 11 फरवरी से प्रारंभ होगी। इस दिन आवेदक एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से रजिस्ट्रेशन, त्रुटि सुधार, नवीन च्वाइस फिलिंग और इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन कर सकते है। प्रवेश की मेरिट सूची 12 फरवरी को जारी होगी। शनिवार 13 फरवरी को संबंधित आईटीआई में आवेदक को अपनी उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य होगा।

## राज्यमंत्री यादव ने शासकीय आवास में किया गृह-प्रवेश



**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने बुधवार को उन्हें 74 बंगला क्षेत्र में आवंटित शासकीय आवास बी-17, में गृह-प्रवेश किया। श्री यादव ने सपत्नीक एवं परिवारजनों के साथ प्रातः विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र से आये जन-प्रतिनिधि सहित अधिकारियों तथा इष्टमित्रों ने उन्हें गृह-प्रवेश पर बधाई दी।

## आँख का इलाज होने पर मंत्री का धन्यवाद देने पहुँचे बच्चे



**भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग की विशेष पहल पर नन्हीं बालिका भूमिका की आँख का सफल ऑपरेशन हो गया है। बुधवार को बड़ी संख्या में भूमिका के मित्र मंत्री श्री सारंग के निवास पर धन्यवाद देने पहुँचें और अपनी खुशी जाहिर की। भूमिका की आँख में बचपन से ही मोतियाबिंद था। मंत्री श्री सारंग से कुछ दिन पहले भूमिका और उनके परिजन ने एक संस्था के माध्यम से भेंट की थी। श्री सारंग ने सहृदयता दिखाते हुए तुरंत चिकित्सकों से चर्चा की और उसका इलाज करने को कहा। मंगलवार को भूमिका का एक आँख का सफल ऑपरेशन हो गया है। भूमिका के साथ रहने और खेलने वाले बच्चों को जैसे ही पता चला की अब भूमिका आम बच्चों की तरह उनके साथ बिना किसी रूकावट के खेल सकेगी, वैसे ही बच्चों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और उन्होंने मंत्री के निवास पर पहुँचकर श्री सारंग को पुष्प देकर अपनी खुशी जाहिर की। जल्द ही भूमिका की दूसरी आँख का ऑपरेशन भी होने जा रहा है।

# विकास कार्य और स्वच्छता में बेहतर कार्य से स्वच्छतम शहर बनेगा भोपाल : मंत्री भूपेन्द्र सिंह

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि भोपाल में अनेक विकास कार्य हो रहे है और स्वच्छता में बेहतर कार्य किए जा रहे है जिससे भोपाल शहर स्वच्छतम शहर बनेगा। श्री सिंह ने कहा कि नए शॉपिंग कॉम्पलेक्सों के निर्माण से लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और पुरानी दुकानों के स्थान पर नई दुकाने बनकर मिलने से व्यवसायियों को लाभ मिलेगा। नगरीय विकास मंत्री श्री सिंह ने संभागायुक्त एवं प्रशासक कवीन्द्र कियावत एवं निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी की उपस्थिति में बालविहार, लक्ष्मी टॉकीज और पुल पातरा शॉपिंग कॉम्पलेक्सों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर शिलालेख का अनावरण भी किया। इस अवसर पर अपर आयुक्तगण एम.पी.सिंह एवं शाश्वत मीणा सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि भोपाल शहर में अनेक विकास कार्य हो रहे है और स्वच्छता में बेहतर कार्य किए जा रहे है जिससे भोपाल शहर स्वच्छतम शहर बनेगा। श्री सिंह ने कहा कि शॉपिंग कॉम्पलेक्सों के निर्माण से दुकाने निर्मित होंगी और पुरानी दुकानों के स्थान पर नई दुकाने मिलने से व्यवसायियों को लाभ मिलेगा। नगरीय विकास मंत्री श्री सिंह ने कहा




कि नए शॉपिंग कॉम्पलेक्सों के निर्माण से नए लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और पुराने लोगों को भी बेहतर कार्य करने का अवसर मिलेगा। स्मार्ट सिटी के कार्यों की सराहना करते हुए श्री सिंह ने कहा कि स्मार्ट सिटी के कार्यों में भोपाल पहले स्थान पर है और स्वच्छतम राजधानी में भी भोपाल को प्रथम स्थान प्राप्त है। प्रशासक कवीन्द्र कियावत एवं निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी के कार्यों की सराहना करते हुए नगरीय विकास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से स्वच्छता के कार्य किए जा रहे है निश्चित ही भोपाल शहर स्वच्छतम शहर बनेगा। शॉपिंग कॉम्पलेक्सों के निर्माण की योजना पर प्रकाश डालते हुए निगम आयुक्त श्री चौधरी ने कहा कि बालविहार शॉपिंग कॉम्पलेक्स के निर्माण से पुरानी दुकान के स्थान पर दुकानदार को नई दुकान उसी स्थान पर निर्माण लागत पर प्राप्त होगी। श्री चौधरी ने कहा कि बालविहार में दुकानदारों को दुकाने उपलब्ध कराने के बाद शेष दुकानों को विक्रय किया जाएगा। श्री चौधरी ने कहा कि लक्ष्मी टॉकीज एवं पुल पातरा में पुराने जर्जर भवनों को तोड़कर नए शॉपिंग कॉम्पलेक्सों का निर्माण किया जाएगा। इससे पहले नगरीय विकास मंत्री श्री सिंह ने संभागायुक्त एवं प्रशासक श्री कवीन्द्र कियावत एवं निगम आयुक्त श्री के.वी.एस.चौधरी की उपस्थिति में बालविहार, लक्ष्मी टॉकीज और पुल पातरा शॉपिंग कॉम्पलेक्सों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर शिलालेख का अनावरण भी किया। इस कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भी मौजूद थे। बाल विहार शापिंग काम्पलेक्स - बाल विहार ग्राउंड में निगम की जर्जर दुकानों को तोड़कर नये शापिंग काम्पलेक्स का निर्माण किया जायेगा। नये शॉपिंग काम्लेक्स का निर्माण 21000 वर्ग फिट पर निर्मित किया जायेगा और काम्पलेक्स की कुल लागत राशि 09.88 करोड़ रूपये होगी। काम्पलेक्स के अंतर्गत विभिन्न आकार (क्षेत्रफल) की कुल 218 दुकानें बनाया जाना प्रस्तावित है। निगम द्वारा 30 वर्ष से अधिक पुरानी बनी हुई 63 दुकानों को तोड़कर पुनः निर्माण किया जाएगा और इन दुकानदारों को पुनः विस्थापित किया जायेगा जबकि शेष 155 दुकानों का विक्रय कर निगम को 29 करोड़ 64 लाख रूपये के राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्मी टाकीज शापिंग काम्प्लेक्स - लक्ष्मी टाकीज के 30 वर्ष से अधिक पुराने जर्जर भवन को तोडकर रिक्त हुई 14900 वर्ग फिट भूमि पर शापिंग काम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है। शॉपिंग काम्पलेक्स को 6.1 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित किया जायेगा और इसमें विभिन्न आकार (क्षेत्रफल) की कुल 73 दुकानें बनाई जाएंगी। निर्मित होने वाली दुकानों का क्षेत्रफल 160 वर्गफीट एवं 100 वर्गफीट निर्धारित है। काम्प्लेक्स की 73 दुकानों का विक्रय कर निगम को 11 करोड 51 लाख के राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है।

# संजय बांगर को मिली बड़ी जिम्मेदारी आरसीबी के विराट को सिखाएंगे बल्लेबाजी के गुर

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 14वें सीजन के लिए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने संजय बांगर को बड़ी जिम्मेदारी दी है। आरसीबी ने बांगर को बैंटिंग कंसल्टेंट बनाया है। आईपीएल के इतिहास में आरसीबी एक बार भी खिताब जीतने में नाकाम रही है, जबकि टीम के पास विराट कोहली जैसा कप्तान और एबी डिविलियर्स जैसा विस्फोटक बल्लेबाज मौजूद हैं। बांगर अब विराट कोहली की टीम के खिलाड़ियों को बल्लेबाजी के गुर बताएंगे। बांगर साल 2014 से 2019 तक भारतीय टीम के बैटिंग कोच रह चुके हैं। वहीं आईपीएल में बांगर किंग्स इलेवन पंजाब फ्रेंचाइजी से जुड़े हुए थे। आईपीएल के 14वें सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 18







फरवरी को होनी है। संजय बांगर ने भारतीय कप्तान विराट कोहली समेत कई बल्लेबाजों के प्रदर्शन में सुधार कराया। ये बात खुद विराट कोहली कह चुके हैं। बांगर के कार्यकाल के दौरान भारतीय टीम के बल्लेबाजों ने कई बड़े रिकॉर्ड बनाए हैं। उनके कार्यकाल में भारतीय बल्लेबाजों ने 100 से ज्यादा शतक ठोके। साथ ही टीम इंडिया ने 30 टेस्ट और 82 वनडे मैचों में जीत हासिल की। गौरतलब है कि संजय बांगर ने भारत के लिए 12 टेस्ट और 15 वनडे मैच भी खेले हैं। वो 12 आईपीएल मैच भी खेल चुके हैं। आईपीएल 2021 का आयोजन इस साल भारत में ही हो सकता है। पिछले साल कोरोना महामारी के चलते आईपीएल 2020 संयुक्त अरब अमीरात में हुआ था। सैयद अली मुश्ताक ट्रॉफी और भारत-इंग्लैंड सीरीज से घरेलू धरती पर क्रिकेट की वापसी हो चुकी है। चेन्नई में दूसरे टेस्ट में मैदान पर करीब एक साल बाद दर्शकों को भी आना का मौका मिलेगा। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के रिटेन खिलाड़ी- विराट कोहली, एबी डिविलियर्स, युजवेंद्र चहल, देवदत ?त पडिक ?कल, वाशिंगटन सुंदर, मोहम ?मद सिराज, नवदीप सैनी, एडम जम ?पा, शहबाज अहमद, जोश फिलिप, केन रिचर्ड्सन और पवन देशपांडे। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के रिलीज खिलाड़ी- क्रिस मौरिस, एरॉन फिंच, मोइन अली, इसरु उडाना, डेल स्टेन, शिवम दुबे, उमेश यादव, पवन नेगी, गुरकीरत मान और पार्थिव पटेल।

# इशांत 400 विकेट लेकर नये गेंदबाजों के लिए राह बनायें : अश्विन



**चेन्नई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा अपने करियर में 400 विकेट लेकर नये गेंदबाजों के लिए राह बनायें। अश्विन के अनुसार पिछले 14 साल के अंदर ईशांत ने अच्छी गेंदबाजी कर तीन सौ से ज्यादा विकेट लिए हैं। वर्तमान गेंदबाजों में इशांत सबसे ज्यादा अनुभवी खिलाड़ी है जो अपना 98वां टेस्ट मैच खेल रहे है। वह पूर्व कप्तान कपिल देव (434) और जहीर खान (311) के बाद टेस्ट मैचों में 300 विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय तेज गेंदबाज हैं।

अश्विन ने कहा कि इशांत इस सबसे अधिक मेहनती खिलाड़ियों में से एक हैं। इशांत अपने 100 टेस्ट के आंकड़े से महज दो टेस्ट दूर है और वह ऐसा करने वाले देश के सिर्फ दूसरे गेंदबाज बन सकते है। अश्विन ने कहा कि टेस्ट मैचों का शतक अपने आप में एक विशेष उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इशांत साल 2007-08 में ऑस्ट्रेलिया गये थे और उन्होंने रिकी पोंटिंग का विकेट लिया था। इसके बाद चोट के बाद भी वह कई दौरों पर गए थे। किसी तेज गेंदबाज के लिए भारत के लिए 100 टेस्ट खेलना आसान नहीं है और यह बेहद ही शानदार उपलब्धि है। मैं इशांत को इसकी बधाई दूंगा लेकिन मैं चाहता हूं कि वह 400 या शायद 500 विकेट लेकर आने वाले गेंदबाजों को लिए राह तैयार करें।

# टोक्यो ओलंपिक का इंतजार कर रहे डुप्लांटिस

**टोक्यो ।** स्वीडन के पोल वॉल्टर अर्मांड मोंडो डुप्लांटिस ने कहा है कि वह बेसब्री से आगामी टोक्यो ओलंपिक का इंतजार कर रहे हैं हालांकि अर्मांड ने माना है कि कोरोना महामारी के बीच ही टोक्यो ओलंपिक में अपेक्षाओं के दबाव पर खरा उतरना आसान नहीं होगा। 21 वर्षीय अर्मांड को पिछले साल विश्व का सर्वश्रेष्ठ पुरूष एथलीट चुना गया था। उन्होंने साल 2019 में दोहा विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने के साथ ही पिछले साल फरवरी में पोलैंड में 6.17 मीटर का विश्व रिकार्ड बनाया था। इसके बाद सितंबर में खेल की बहाली पर 6.15 मीटर की छलांग लगाकर रोम डायमंड लीग में रजत पदक जीता था। सर्जेइ बुबका का रिकार्ड तोड़ने वाले इस पोल वॉल्टर ने कहा ,''



मैने पहले कभी ओलंपिक नहीं खेला है लेकिन मुझे पता है कि दुनिया भर के एथलीटों से मिलना कितना खास होता होगा। इस बार कोरोना महामारी के कारण हालात अलग होंगे पर हमें इसकी आदत डालनी होगी। उम्मीद है कि भले ही प्रतिबंधों के साथ हों पर ओलंपिक खेल अवश्य होने चाहिये।'' वहीं बुबका का आउटडोर रिकार्ड तोड़ने के अनुभव पर उन्होंने कहा ,'' सर्जेइ बुबका दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पोल वॉल्टर हैं । मैं उनसे बेहतर बनना चाहता हूं और उनसे अधिक उपलब्धियां अर्जित करना चाहता हूं, मैं बचपन से यह मानकर चला हूं कि मेरे भीतर विश्व रिकार्ड बनाने की क्षमता है । मुझे विश्वास है कि मैं ओलंपिक स्वर्ण जीत सकता हूं।'



इंग्लैंड में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए गोलकीपर विसेंटी गुवेटा।

## निशानेबाजों को को मिल सकती है प्रतिबंध से राहत

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) अब प्रतिबंधित निशानेबाजों को राहत दे सकती है जिससे ये एक बार फिर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। इससे पहले (एनआरएआई) की संचालन समिति द्वारा अनुशासनात्मक आधार पर 15 निशानेबाजों के खिलाफ अगली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग पर प्रतिबंधित लगा दिया गया था। यह प्रतिबंध अनुमति के बिना गैर-मान्यता प्राप्त ऑनलाइन टूर्नामेंटों में भाग लेने के कारण लगाया गया था। इसके तहत ही यशस्विनी देसवाल सहित कुछ और निशानेबाजों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने से रोक दिया गया था। एनआरएआई के अध्यक्ष रनिंदर सिंह ने कहा कि वह पांच मार्च को महासंघ की आम बैठक में इस फैसले पर रोक लगाने के लिए संचालन समिति को 'मनाने' का प्रयास करेंगे।




## पेट्रोल-डीजल की कीमतें फिर बढ़ीं

**नई दिल्ली ।** घरेलू बाजार में पेट्रोल डीजल की कीमतों में बदलाव आया है और ये बढ़कर रिकार्ड स्तर तक पहुंच गयी हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आ रही तेजी से यह उछाल अया है। घरेलू बाजार में तेल कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल के दाम में बदलाव किया है। इससे दिल्ली में पेट्रोल-डीजल के दाम 35 पैसे बढ़ गए हैं। दिल्ली में पेट्रोल अब 87.30 रुपये प्रति लीटर और डीजल 77.48 रुपये प्रति लीटर हो गया है। ये अब तक की सबसे ज्यादा कीमत है। वहीं इसी प्रकार मुंबई में भी पेट्रोल-डीजल के दाम ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्तर तब बढ़े हैं। दिल्ली में 30 जुलाई को डीजल के दाम 81.94 रुपये प्रति लीटर पहुंचे। गौरतलब है कि करीब एक महीने तक स्थिर रहने के बाद जनवरी में पेट्रोल-डीजल के दाम फिर से बढ़ना शुरू हो गए। नए साल से अब तक 13 किस्तों में पेट्रोल-डीजल के दाम ऊपर आये हैं। पिछले एक साल में पेट्रोल 20 रुपये से अधिक और डीजल 15 रुपये से ऊपर महंगा हो गया है। दिल्ली में 9 फरवरी को पेट्रोल कल के भाव में 86.95 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 87.30 यानी 35 पैसे की बढ़ोतरी हुई है। वहीं इसी प्रकार डीजल कल के भाव 77.13 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 77.48 हो गया।

# आर्थिक मोर्चे पर भगोड़े विजय माल्या को राहत, लंदन कोर्ट ने खर्चे के लिए पैसे लेने की दी मंजूरी

**लंदन ।** भारत में बैंकों को करोड़ों का चूना लगाकर विदेश भागने वाले शराब व्यवसायी विजय माल्या को आर्थिक मोर्चे पर लंदन हाई कोर्ट ने थोड़ी राहत दे दी है। अदालत ने अपने पास जमा रकम में से माल्या को रहने और कानूनी खर्च को पूरा करने के लिए करीब 11 लाख पाउंड निकालने की अनुमति दी है। दिवाला एवं कंपनी मामलों की उप-अदालत के जज निगेल बर्नेट ने कोर्ट फंड ऑफिस से पैसा निकालने के संबंध में सुनवाई की अध्यक्षता की। यह सुनवाई लोन नहीं चुकाने को लेकर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई में भारतीय बैंकों की तरफ से की जा रही दिवाला संबंधी कार्रवाई के तहत हुई। इस आदेश के जरिए माल्या को अपने रहने और दिवाला याचिका के विरोध के संबंध में कानूनी खर्च को पूरा करने के लिए अदालत से पैसा निकालने की अनुमति मिल गई है। किंगफिशर एयरलाइंस का पूर्व



प्रमुख माल्या जमानत पर ब्रिटेन में है और वह धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोपों का सामना करने के लिए भारत प्रत्यर्पित किए जाने की एक अन्य कानूनी लड़ाई हार चुका है। ध्यान रहे कि माल्या पर 17 भारतीय बैंकों का 9,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया है। वह 2 मार्च, 2016 को भारत छोड़कर ब्रिटेन भाग गया था। भारतीय एजेंसियों ने यूके की कोर्ट से माल्या के प्रत्यर्पण की अपील की और लंबी लड़ाई के बाद यूके की अदालत ने 14 मई को माल्या के भारत प्रत्यर्पण की अपील पर मुहर लगा दी थी। हालांकि, कानूनी दांव-पेचों के चलते उसे अब तक भारत नहीं लाया जा सका है। भारत स्थित ब्रिटेन उच्चायोग ने बताया कि माल्या के प्रत्यर्पण से पहले कुछ कानूनी जटिलताएं हैं और उसके समाधान की जरूरत है। ब्रिटेन के कानून के तहत जब तक सारे मामले नहीं सुलझ जाते हैं तब तक किसी का प्रत्यर्पण नहीं किया जा सकता है। उच्चायोग ने पिछले साल जून महीने में कहा था, %यह गुप्त मामला है और हम इसके डिटेल में नहीं जाएंगे। हम यह भी नहीं बता सकते है कि इस मामले के समाधान में कितना वक्त लगेगा। हम इसके जल्दी समाधान की कोशिश में लगे हुए हैं।%



## आरबीआई रिपोर्ट : बैंक ग्राहकों की शिकायतों का फिगर 57 फीसदी से बढ़कर 3 लाख पर पहुंचा

**मुंबई ।** बैंकों की शीर्ष निगरानी संस्था भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि 30 जून, 2020 को समाप्त वर्ष में बैंक सेवाओं को लेकर शिकायतें 57 प्रतिशत उछलकर 3.08 लाख पहुंच गयी। ओम्बुड्समैन (लोक-प्रहरी) योजना पर अपनी सालाना रिपोर्ट में केंद्रीय बैंक ने कहा कि 20 प्रतिशत से अधिक शिकायतें एटीएम या डेबिट कार्ड से जुड़ी हैं। उसके बाद 13.38 प्रतिशत के साथ मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक बैंकिग का स्थान हैं। निष्पक्ष आचरण संहित (एफपीसी) का अनुपालन नहीं करना तीसरे स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार क्रेडिट कार्ड, प्रतिबद्धताओं को पूरा नहीं करना, बिना नोटिस के शुल्क लगाना, कर्ज से जुड़े मामले तथा भारतीय बैंक संहिता तथा मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) नियमों का अनुपालन नहीं करने से जुड़े मामले पिछले साल के मुकाबले बढ़े हैं। इसमें कहा गया है कि प्रत्यक्ष बिक्री एजेंट (डीएसए) और वसूली एजेंटों से जुड़ी शिकायतें 2018-19 में 629 थी और 30 जून, 2020 को समाप्त साल में बढ़कर 1,406 पहुंच गयी। रिपोर्ट के अनुसार निपटान दर घटकर 92.36 प्रतिशत रही जो 2018-19 में 94.03 थी। इसका कारण एक तरफ शिकायतें बढ़ रही हैं जबकि उसका निपटान करने वाले कर्मचारियों की संख्या उतनी ही है।



# जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने लगवाए टीके

## कोविड-19 की वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है, फंट लाइन वर्कर निर्धारित तिथि पर वैक्सीनेशन केन्द्र पहुँचें और टीकाकरण कराएँ

**ग्वालियर।** वैश्विक महामारी कोविड-19 से बचाव के लिये ग्वालियर जिले में भी वैक्सीन लगाकर लोगों को सुरक्षा कवच प्रदान किया जा रहा है। कोविड की वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है। इसे हर व्यक्ति को लगवाना चाहिए। इसका संदेश देने के लिये जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने भी आज जयारोग्य चिकित्सालय पहुँचकर टीका लगवाया। जिले में 10, 11 व 12 फरवरी को फ्रंट लाइन वर्करों को कोविड से बचाव के टीके लगाए जा रहे हैं। फ्रंट लाइन कर्मचारियों में नगर निगम, जिला प्रशासन और जिला पंचायत के शासकीय अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। बुधवार को जेएएच अस्पताल परिसर में बनाए गए टीकाकरण केन्द्र में संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, आईजी श्री अविनाश शर्मा, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा,



सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती जयति सिंह, अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री टी एन सिंह, एडीएम श्री रिंकेश वैश्य, सीईओ जिला पंचायत श्री किशोर कान्याल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री प्रदीप तोमर, श्री अनिल बनवारिया, श्री एच बी शर्मा सहित नगर निगम के अपर आयुक्त श्री नरोत्तम भार्गव, श्री राजेश श्रीवास्तव और मुकुल गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने टीके लगवाए। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना एवं कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने फ्रंट लाइन वर्करों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर टीकाकरण केन्द्र पर पहुँचें और टीके लगवाएं। उन्होंने आम जनों से भी कहा है कि कोरोना वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और इसे लगवाने से कोरोना से बचाव संभव है। कोरोना टीकाकरण से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में 17 टीकाकरण केन्द्र बनाए गए हैं, जिन पर टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। इनमें जीआरएमसी, आयुर्वेदिक कॉलेज, सिविल हॉस्पिटल हेम सिंह की परेड, सिविल अस्पताल हजीरा, जिला चिकित्सालय मुरार, ईएसआई हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठाठीपुर, जनकगंज व फालका बाजार, एमएच लक्ष्मीगंज, आरोग्यधाम हॉस्पिटल सिटी सेंटर, सिविल डिस्पेंसरी पाताली हनुमान, आरजेएन अपोलो हॉस्पिटल, बीएसएफ टेकनपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डबरा, सीआरपीएफ हॉस्पिटल व कुलैथ के सरकारी अस्पताल शामिल हैं।



# पिता की डांट से नाराज 12वीं का छात्र किले से कूदा

**ग्वालियर।** कक्षा 12वीं के छात्र ने किले से छलांग लगा दी पत्थर पर गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।छात्र को उसके पिता ने पढाई नहीं करने पर डांट दिया था जिससे उसने यह घातक कदम उठा लिया। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह यहां टहलने आए कुछ लोगों ने एक छात्र को किले से छलांग लगाते देखा तो तुरंत बहोड़ापुर थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई देखा तो कूदने वाला किले की दीवार और तल के बीच में करीब 50 फीट की गहराई पर पत्थरों और झाड़ियों के बीच फंसा था।इसके बाद पुलिस और नगर निगम के अमले ने रेस्क्यू शुरू किया। बचाव टीम छात्र तक पहुंची तो उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की शिनाख्त हजीरा के मेजर कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय छात्र साहिल राठौर के रूप में हुई। प्रारंभित जांच मे पता चला कि हजीरा थाना क्षेत्र के मेजर कॉलोनी गदाईपुरा निवासी 18 वर्षीय साहिल राठौर पुत्र मानसिंह राठौर 12वीं का छात्र है। बुधवार सुबह वह देर तक सोता रहा तो उसके पिता ने बोर्ड परीक्षा होने की बात कहकर उसे फटकार लगा दी। पिता के डांटने से नाराज साहिल ने कपड़े बदले और गुस्से में घर से निकल आया। तीन भाइयों में वह मझला है। विनोद उससे बड़ा और कोमल छोटा है। उसके इस तरह घर से निकलने पर पिता और भाई उसकी तलाश करने निकले, लेकिन कुछ पता नहीं चला। कुछ देर बाद एक लड़के के किले से कूदने की जानकारी मिली। साहिल का भाई विनोद किले पर पहुंचा तो कूदकर खुदकुशी करने वाले की पहचान अपने भाई साहिल के रूप में की । पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

## सड़क पर उत्पात मचा रहे सांड ने ली युवक की जान

**ग्वालियर।** बीते रोज सड़क पर उत्पात मचा रहे एक सांड ने बाइक सवार तीन दोस्तों को टक्कर मार दी। सांड की टक्कर से बाइक सवार उछलकर जमीन पर गिरे। सांड सड़क पर गिरे एक युवक को कुछ दूरी तक घसीटता ले गया। तीनों घायलों को जेएएच में भर्ती कराया गया था। जहां गंभीर रूप से घायल गणेश ने बुधवार सुबह दम तोड़ दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार शहर के गुढ़ा स्थित नादरिया की माता मंदिर के पास निवासी 40 वर्षीय निवासी गणेश चौरसिया पेशे से प्लंबर है। सोमवार को वह अपने पड़ोस में रहने वाले दोस्तों बल्लू कुशवाह और नारायण सिंह कुशवाह के साथ काम करने के लिए मांडरे की माता के पास गया था। शाम को तीनों एक बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहे थे वह कंपू रोड पर पुलिस थाने से कुछ आगे ही पहुंचे थे कि सड़क पर एक काला सांड उत्पात मचा रहा था। बाइक बल्लू चला रहा था और गणेश बीच में बैठा था। सबसे पीछे नारायण था। बल्लू ने सांड से बचने के लिए बाइक सड़क किनारे पर की, लेकिन सांड ने तेजी से आकर बाइक में टक्कर मार दी। जिससे तीनों उछलकर जमीन पर गिरे। इसके बाद गणेश को घसीटते हुए सांड कुछ दूरी तक ले गया। इसी समय वहां काफी लोग एकत्रित हो गए। किसी ने पानी फेंका तो सांड वहां से भाग गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को जेएएच के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया था।

## पर्यटन विकास निगम ने किया महिला सशक्तिकरण विषय पर सेमीनार का आयोजन

**ग्वालियर।** राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण विषय पर बुधवार को तानसेन रेसीडेंसी में एक सेमीनार का आयोजन किया गया। इस सेमीनार में आईआईटीटीएम ग्वालियर की छात्राओं एवं शहर की अन्य महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञों ने महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में आईआईटीटीएम के सहायक प्राध्यापक श्री चन्द्रशेखर बरूआ ने विचार रखें। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पर्यटन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री एम एस राणा व महाप्रबंधक श्री एच एस डण्डौतिया भी मौजूद थे।

# 09 पिस्टल व 04 जिंदा राउण्ड सहित चार बदमाश गिरफ्तार

**ग्वालियर।** क्राईम ब्रांच मुखबिर की सूचना पर ने 04 बदमाशों को 09 पिस्टल व 04 जिंदा राउण्ड सहित गिरफ्तार यि है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। विगत दिनों पुलिस अधीक्षक अमित सांघी , भापुसे द्वारा ली गई बैठक मेजारी निर्देशों के परिपालन मे अति 0 पुलिस अधीक्षक ग्वालियर शहर - पश्चिम / अपराध सत्येन्द्र सिंह तोमर द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को फरारी बदमाशों तथा अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों की धरपकड़ हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया गया था । उक्त क्रम मे दिनांक 10.01.2021 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिए सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग अवैध हथियारों



की खेप लेकर शिवपुरी से ग्वालियर आ रहे है , उक्त सूचना पर से पुलिस अधीक्षक द्वारा डीएसपी अपराध रवेश तोमर एवं विजय सिंह भदौरिया के निर्देशन मे थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच निरी . दामोदर गुप्ता व थाना प्रभारी ठाटीपुर निरी . आर.बी.एस. विमल के नेतृत्व में थाना बल की संयुक्त टीम बना कर शिवपुरी लिंकरोड़ , शीतला माता मंदिर तिराहे पर चैकिंग प्रारंभ कर दी ।पुलिस चैकिंग के दौरान एक बैगनार कार शिवुपरी की ओर से आती दिखी जिसमें बैठे बदमाशों ने पुलिस चैकिगं को देखकरवापसभागने का प्रयास किया । जिन्हे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ लिया गया । पकड़े गये चारों बदमाशों की तलाशी लेने पर उनके पास से 09 देशी पिस्टल मय मैग्जीन , 04 जिंदा राउण्ड तथा 02 अतिरिक्त खाली मैग्जीन को भी जप्त किया गया ।पुलिस पूछताछ के दौरान पकड़े गये बदमाशों में से एक बदमाश ने बताया कि मेरठाउ 0 प्र 0 ) में कुछ बदमाशों द्वारा उसके भाई का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी जिसके आरोपीगण कुछ दिनों में जेल से छूटने वाले है इसी डर से उसने यह पिस्टलें खरीदी थी । उक्त बदमशों के विरूद्ध थाना अपराध शाखा ग्वालियर में अपराध क्रमांक 26/21 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया ।

# एंटी माफिया अभियान एवं मिलावट करने वालों के विरूद्ध हो सख्त कार्रवाई

**ग्वालियर।** एंटी माफिया अभियान के तहत सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई करें। शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भी सख्त कार्रवाई हो। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिले के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदारों की बैठक में यह निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर आशीष तिवारी, एडीएम टी एन सिंह, रिंकेश वैश्य एवं जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि एंटी माफिया अभियान के तहत सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र में शासकीय भूमियों पर अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।



शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाए। ऐसे अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करने के साथ-साथ पुलिस प्रकरण भी दर्ज कराया जाए। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने यह भी निर्देशित किया कि मिलावट करने वालों के विरूद्ध भी जो अभियान चलाया जा रहा है उसे प्रभावी रूप से सम्पूर्ण जिले में चलाया जाए। सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से निरीक्षण कर मिलावट करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करें। ऐसे लोगों के विरूद्ध पुलिस प्रकरण भी कायम कराया जाए। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारियों को यह भी कहा कि उनके क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण और मिलावट करने वालों के विरूद्ध इतनी कार्रवाई की जाए कि कोई भी व्यक्ति यह हिम्मत न कर पाए कि मिलावट करें अथवा शासकीय भूमि पर कब्जा कर सकें। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली योजनाओं का क्रियान्वयन भी जिले में बेहतर हो, यह सुनिश्चित किया जाए। राजस्व प्रकरणों का निराकरण राजस्व अधिकारी का सर्वप्रथम दायित्व है। जिले के किसी भी राजस्व अधिकारी के क्षेत्र में राजस्व प्रकरण निराकृत न होने की शिकायत नहीं मिलना चाहिए। शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। बैठक में सभी राजस्व अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर तत्परता से भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई जाए और अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भी मामला दर्ज कराया जाए। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया है कि जिन प्रकरणों में न्यायालयों द्वारा आदेश पारित किए गए हैं उन्हें तत्काल अभिलेखों में दर्ज कर आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाए।

## 15 फरवरी तक होंगे आईटीआई में प्रवेश

**ग्वालियर।** प्रदेश के शासकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में लगभग 7 हजार 660 रिक्त सीटों में 15 फरवरी तक प्रवेश होंगे। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास विभाग द्वारा आईटीआई में पुनः प्रवेश की प्रकिया गुरूवार 11 फरवरी से प्रारंभ होगी। इस दिन आवेदक एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से रजिस्ट्रेशन, त्रुटि सुधार, नवीन च्वाइस फिलिंग और इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन कर सकते है। प्रवेश की मेरिट सूची 12 फरवरी को जारी होगी। शनिवार 13 फरवरी को संबंधित आईटीआई में आवेदक को अपनी उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य होगा। रविवार 14 फरवरी को उपस्थित अभ्यार्थियों की मेरिट सूची ऑनलाइन जारी की जाएगी।


## छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560


# रेत का अवैध कारोबार रोकने के लिये होगी संयुक्त कार्रवाई

**ग्वालियर।** ग्वालियर-चंबल संभाग में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिये संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में विशेष रणनीति बनाई गई है। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर श्री अविनाश शर्मा व चंबल श्री मनोज शर्मा की मौजूदगी में आयोजित हुई बैठक में संभाग आयुक्त ने सभी कलेक्टर व पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि बगैर अनुमति व रॉयल्टी के अवैध रूप से जमा रेत को जब्त करने की कार्रवाई की जाए। चंबल नदी से होने वाले रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण पर सख्ती से अंकुश लगाने के उद्देश्य से

**संभाग आयुक्त एवं दोनों संभागों के आईजी ने ली बैठक**



ग्वालियर एसपी के नेतृत्व में संयुक्त कार्रवाई को अंजाम देने का निर्णय लिया गया। संभाग आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि कार्रवाई के दौरान इस बात का भी ध्यान रखें कि आम जनता को रेत की आपूर्ति बाधित न हो। अर्थात रेत का वैध कारोबार प्रभावित न हो। बुधवार को यहाँ मोतीमहल स्थित मानसभागार में आयोजित हुई बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक श्री सचिन अतुलकर तथा ग्वालियर के कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह व पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी सहित मुरैना, भिण्ड व दतिया जिले के कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक तथा वन मण्डल अधिकारी, खनिज अधिकारी व रेत ठेकेदार मौजूद थे। बैठक में तय किया गया कि ग्वालियर एसपी श्री अमित सांघी के निर्देशन में ग्वालियर व मुरैना जिले की पुलिस, जिला प्रशासन, वन व खनिज विभाग के अधिकारी रेत के अवैध कारोबार के खिलाफ संयुक्त रूप से कार्रवाई करेंगे। संभाग आयुक्त ने स्पष्ट किया कि संयुक्त कार्रवाई के लिये गठित टीम में जिला प्रशासन की ओर से अपर जिला दण्डाधिकारी व अनुविभागीय दण्डाधिकारी और पुलिस की तरफ से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर तक के अधिकारी भी अनिवार्यतः शामिल किए जाएं। ग्वालियर व मुरैना जिले की संयुक्त टीमें जरूरत के मुताबिक नाके लगाकर रेत के अवैध परिवहन को रोकेंगीं। संयुक्त टीमों द्वारा रात के समय भी विशेष रूप से कार्रवाई की जायेगी। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने समस्त कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराने के निर्देश भी दिए। संभाग आयुक्त ने बैठक में यह भी निर्देश दिए कि रेत के अवैध परिवहन को रोकने के लिये बनाए गए नाकों पर जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है वे नियमित रूप से वहां उपस्थित रहे।

## प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे

E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

**नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478